अटलबिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

पुराना हाईकोर्ट भवन बिलासपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) 495001

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/2616/गोपनीय/2021 दिनांक 10 JUN 2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

विषयः– स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 2020–21 को ऑनलाईन करवाने एवं उत्तरपुस्तिकाओं के शीघ्र मूल्यांकन के संबंध में।

––0––

विषयांतर्गत लेख है कि स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 2020–21 हेतु आपके महाविद्यालय के लिए माह फरवरी 2021 में नियुक्त बाह्य परीक्षकों द्वारा ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 02.07.2021 तक संपन्न कराया जाये। विषम सेमेस्टर कक्षाओं हेतु वाह्य परीक्षकों की सूची पृथक से प्रेषित की जा रही है। प्रायोगिक परीक्षा संपन्न कराने के उपरांत अंकों की आनलाईन प्रविष्ट दिनांक 05.07.2021 तक करवायी जाये, इसके पश्चात पर्ण (Foil) विश्वविद्यालय में प्रेषित किये जाये।

यदि उपरोक्तानुसार नियुक्त बाह्य परीक्षकों में से किसी बाह्य परीक्षक द्वारा ऑनलाईन प्रायोगिक परीक्षा को पूर्ण करने में असहमति व्यक्त की जाती है तो संबंधित से असहमति पत्र प्राप्त कर/असहमति व्यक्त किये जाने संबंधी पत्र परीक्षा नियंत्रक, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर को संबोधित करते हुये गोपनीय विभाग के ई–मेल confidential@bilaspuruniversity.ac.in पर तत्काल भेजें। परीक्षा परिणामों की शीघ्र घोषणा के लिये प्रायोगिक परीक्षाओं का ऑनलाईन आयोजन एवं उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

स्नातक/स्नातकोत्तर की जिन कक्षाओं की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के लिये पात्र सहायक प्राध्यापक आपके महाविद्यालय/निकटस्थ महाविद्यालय/अग्रणी महाविद्यालय में उपलब्ध नहीं है तो इसकी सूचना गोपनीय विभाग के ई–मेल पर तत्काल प्रेषित करे। स्नातक अंतिम एवं विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन को प्राथमिकता प्रदान करें ताकि अगला शैक्षणिक सत्र शीघ्रता से प्रारंभ किया जा सके। सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन हेतु प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों की अनुपलब्धता होने पर इसकी सूचना विश्वविद्यालय को देने पर इनका संग्रहण विश्वविद्यालय द्वारा करवाया जायेगा। कृपया इन कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

Marley 10/6/21

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/2617/ गोपनीय/2021 दिनांक 10 JUN 2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
3. संबंधित कक्ष प्रभारी, (गोपनीय/परीक्षा) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
4. समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य की ई–मेल पर प्रेषित करने हेतु।

Marley

परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)